दिनांकः 03.07.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घाना की संसद को संबोधित किया–कहा–दुनियाभर में चल रहे तनाव के बीच भारत का लोकतंत्र आशा की किरणं
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–हर पात्र व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना राज्य सरकार का लक्ष्यं
- वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी राजीव शर्मा ने प्रदेश के नये पुलिस महानिदेशक का कार्यभार ग्रहण कियां
- प्रदेश में मॉनसून की व्यापक बारिश का दौर जारी–आज 31 जिलों के लिए बारिश का अलर्ट

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज घाना की राजधानी अकरा में वहां की संसद को संबोधित कियां प्रधानमंत्री ने कहा कि इस सम्मानित सदन को संबोधित करते हुए उन्हें बहुत गर्व का अनुभव हो रहा हैं घाना की यात्रा उनके लिए सौभाग्य की बात हैं श्री मोदी ने कहा कि यह एक ऐसी भूमि है जो लोकतंत्र की भावना को प्रसारित करती हैं आज दुनियाभर चल रहा तनाव चिंता का कारण हैं ऐसे में भारत का लोकतंत्र आशा की किरण हैं

..............

प्रधानमंत्री ने घाना की उपराष्ट्रपति जेन नाना ओपोकू–अग्येमांग के साथ क्वामे नक्रूमा मेमोरियल पार्क का दौरा कियां श्री मोदी पांच देशों की अपनी यात्रा पर आज रात त्रिनीदार और टबैगो पहुंचेंगें वे वहां के राष्ट्रपति क्रिष्टीने कार्ला कांगलू और प्रधानमंत्री कमला प्रसाद बिसेसर के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगें इसके साथ ही दोनों देशों के संबंधों को मजबूत करने पर विचार विमर्श किया जाएगां

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज हरियाणा के मानेसर में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के शहरी स्थानीय निकायों के अध्यक्षों के पहले राष्ट्रीय सम्मेलन का उदघाटन कियां दो दिन के इस सम्मेलन का विषय है–**संवैधानिक लोकतंत्र और राष्ट्र निर्माण को मजबूत करने में शहरी स्थानीय निकायों की भूमिकां** इस अवसर पर श्री बिरला ने कहा कि शहरी स्थानीय निकाय लोकतंत्र के सबसे मजबूत स्तंभों में से एक हैं उन्होंने कहा कि इन संस्थाओं को मजबूत करने से लोगों की आवश्यकताओं और आकांक्षाओं को पूरा करने में मदद मिलेगीं
उन्होंने कहा कि देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत करना सभी की जिम्मेदारी हैं

..............

इस सम्मेलन का उद्देश्य तेजी से हो रहे शहरीकरण के मद्देनजर देश में इन निकायों की महत्वपूर्ण भूमिका को समझना हैं सम्मेलन में विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को हासिल करने के लिए शहरी स्थानीय निकायों के योगदान और महिला सशक्तिकरण के मुद्दों पर चर्चा की जा रही हैं

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक संबल पहुंचाना हैं उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य हर पात्र व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना हैं श्री शर्मा आज सवाईमाधोपुर जिले के बालेर में आयोजित शिविर में सभा को संबोधित कर रहे थें उन्होंने कहा कि गरीब, मजदूर, किसान और महिलाओं का विकास ही प्रदेश का विकास हैं

..............

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत लगाये गये शिविर लोगों के लिए मददगार साबित हो रहे हैं इनके माध्यम से पेयजल, स्वास्थ्य और राजस्व से जुड़े सालों से लंबित मामलों का आपसी सहमति से मौके पर ही निपटान किया जा रहा हैं

..............

000

वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी राजीव शर्मा ने आज प्रदेश के नये पुलिस महानिदेशक का कार्यभार ग्रहण कियां जयपुर पुलिस मुख्यालय पहुंचने पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गयां कार्यभार संभालने के बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि कहा कि वे राजस्थान पुलिस पर जनता के विश्वास को बनाये रखने का प्रयास करेंगें श्री शर्मा ने कहा कि समाज के सभी वर्गों को समान रूप से न्याय दिलाया जाएगां

..............

गौरतलब है कि श्री शर्मा को पुलिस सेवा का तीस वर्षों से ज्यादा का अनुभव हैं वे इससे पहले नई दिल्ली में ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एंड डेवलपमेंट के डीजी के पद पर कार्यरत थें श्री शर्मा राजस्थान में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो और राज्य आपदा मोचन बल के महानिदेशक तथा राजस्थान पुलिस अकादमी के निदेशक रह चुके हैं

000

प्रदेश में मॉनसून की व्यापक बारिश का दौर बना हुआ हैं जालौर के सांचौर, रानीवाड़ा, भीनमाल और आहोर में झमाझम बरसात हुई पाली और बालोतरा में हुई बारिश के बाद सड़कों पर पानी भर गयां राजधानी जयपुर और हनुमानगढ़ में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हुई मौसम विभाग ने आज प्रदेश के 31 जिलों के लिए बारिश का अलर्ट जारी किया हैं इनमें से कुछ जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट भी घोषित किया गया हैं कोटा, उदयपुर, अजमेर और जोधपुर संभाग के कुछ हिस्सों में आज भी भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती हैं

वहीं जयपुर और बीकानेर संभाग में कहीं–कहीं बरसात की संभावना हैं मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में अगले 4–5 दिन बरसात का सिलसिला जारी रहने के आसार हैं इसके साथ कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती हैं

.............

मॉनसूनी बारिश से राज्य के छोटे–बड़े जल स्त्रोतों में पानी की अच्छी आवक हो रही हैं 22 मुख्य बांध अपनी क्षमता से आधे से ज्यादा भर गये हैं कोटा के राणा प्रताप सागर और जवाहर सागर से कोटा बैराज में पानी की भरपूर आवक हो रही हैं बैराज के चार गेट खोलकर 53 हजार क्यूसैक पानी छोड़ा जा रहा हैं उधर, अच्छी बारिश से किसान खेतों में खरीफ की फसल की बुवाई में जुटे हुए हैं हनुमानगढ़ में खेतों में धान की रोपाई की जा रही हैं वहीं कोटा में सोयाबीन की फसल बोई गई हैं

000,

राज्य में पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना के तहत पहले चरण में 5 हजार गांवों का चयन किया गया हैं इन गांवों के चयनित बीपीएल परिवारों को आर्थिक संबल देने के लिए तीन सौ  करोड़ रुपये खर्च किये जाएंगें इस चरण में इन गांवों में 30 हजार से ज्यादा बीपीएल परिवारों का भौतिक सर्वे पूरा कर लिया गया हैं सर्वे के आधार पर हर गांव के लिए 'गरीबी मुक्त गांव कार्य–योजना' बनाई जा रही हैं योजना के तहत ऐसे परिवार जो अपने प्रयासों से गरीबी रेखा से ऊपर आ चुके हैं, उन्हें सम्मान स्वरूप 21 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जा रही हैंयोजना के तहत बीपीएल परिवारों को स्वरोजगार और आजीविका के लिए 1 लाख रुपए तक की सहायता राशि दी जाएगीं

000

राज्य में मेजर मिनरल के 12 ब्लॉक की ई–नीलामी की प्रक्रिया शुरू हो गई हैं इनमें लेड, ज़िंक, आयरन अयस्क, लाइमस्टोन, फ्लोराइट और कॉपर सहित अन्य प्रमुख खनिज शामिल हैं खान और भूविज्ञान तथा पेट्रोलियम विभाग के सचिव टी. रविकान्त ने बताया कि इन 12 ब्लॉक्स में से आयरन  के 1 और लाइमस्टोन के तीन ब्लॉक की माइनिंग लीज के लिए केन्द्र सरकार के एमएसटीसी पोर्टल के माध्यम से नीलामी की जा रही हैं वहीं 8 ब्लॉक के कंपोजिट लाइसेंस के लिए प्रक्रिया चालू हैं श्री रविकान्त ने बताया कि पिछले साल सबसे ज्यादा 34 मेजर मिनरल ब्लॉक्स की नीलामी कर राजस्थान पूरे देश में पहले स्थान पर रहा थां उन्होंने कहा कि इस बार भी इसी लक्ष्य के साथ नीलामी की जा रही हैं

000